कैंप में 40 लोगों ने किया रक्तदान

तलवंडी साबो पावर लिमिटेड के कर्मचारियों की ओर से आयोजित कैंप में रक्त दान करते रक्तदानी।

भास्कर न्यूज . मानसा

तलवंडी साबो पावर लिमिटेड के कर्मचारियों ने शहीद करतार सिंह सराभा स्पोर्ट्स एवं वेलफेयर सोसायटी गांव धींगड़ा के युवाओं से मिलकर 62वां गणतंत्र दिवस खूनदान कैंप आयोजित करके मनाया। जिसमें 40 यूनिट खून ब्लड बैंक मानसा को दान किया गया। कैंप का आयोजन तलवंडी साबो पावर लिमिटेड व रेडक्रास सोसायटी मानसा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कैंप का उद्घाटन बीके शर्मा सीईओ तलवंडी साबो पावर लिमिटेड द्वारा किया गया। गांव धींगड़ा के सरपंच हरपाल कौर, रेडक्रास सोसायटी की तरफ से पहुंचे बलबीर सिंह व राजिंदर सिंह ने खूनदानियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि दान किए गए खून से कई लोगों की कीमती जान बचाई जा सकती है।